आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.02.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश का कपड़ा क्षेत्र 2030 तक नौ लाख करोड़ रुपये का वार्षिक निर्यात लक्ष्य हासिल कर लेगा।
- उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र की सभी तैयारियां पूरी, कल से शुरू होगा सत्र।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संस्कृत शिक्षा से जुड़े 261 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की।
- चम्पावत जिले में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के कौशल विकास के लिये आवेदन शुरू, बीस फरवरी तक हो सकेंगे आवेदन।

भारत टेक्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विविधता देश के विभिन्न भागों में बनने वाले वस्त्रों में झलकती है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में हमारे परिधानों के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता के भी दर्शन होते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन का विजन एक मिशन बन गया है और यह भारत के विकास के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी स्थल का भी दौरा किया और प्रदर्शकों से बातचीत की। भारत टेक्स एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है, इसका आयोजन 14 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को एक छत के नीचे लाता है। भारत टेक्स प्लेटफ़ॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक कार्यक्रम है।

विधानसभा सत्र

उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है जिसके लिए पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने देहरादून में बजट सत्र के संबंध मे ंमुख्य सचिव राधा रतूड़ी और शीर्ष अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। समीक्षा के बाद उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि सत्र के लिए उनके पास विधायकों ने 521 सवाल भेजे हैं जबकि दो विधेयक भी प्राप्त हुए हैं।

एक सवाल के जवाब में श्रीमती भूषण ने कहा कि सत्र की अवधि इस बात पर निर्भर करती है कि विधानसभा में कितना काम होना है और इस बात का निर्णय सरकार करती है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र पहली बार नेशनल ई विधान एप्लिकेशन–ई–नेवा के अंतर्गत संचालित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों की तकनीकी मदद के लिए दो इंजीनियरों को सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटाइजेशन की तरफ तेजी से काम हो रहा है लेकिन यह सत्र पूरी तरह से पेपरलैस नहीं होगा। कार्यसूची, विधानसभा में आने वाले प्रश्न और उनके उत्तर, राज्यपाल का अभिभाषण और बजट डिजिटली उपलब्ध होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिये जा रहे बच्चों की किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्कूलों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करें कि यातायात के कारण बच्चों को अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 261 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृत विद्यालयों में पढ रही बालिकाओं के प्रोत्साहन के लिये राज्य में पहली बार गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है, जिसके तहत संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को वार्षिक छात्रवृत्ति दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में 13 संस्कृत ग्राम विकसित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के माध्यम से अखिल भारतीय शोध सम्मेलन, वेद सम्मेलन, ज्योतिष सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर संस्कृत भाषा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## मंजूरी

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना– पीएम–अजय के तहत चम्पावत जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर. एस. सामंत ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर ट्रेड में 50 प्रशिक्षार्थियों को पांच महीने में ढाई सौ घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना के तहत उत्तराखंड के निवासी अनुसूचित जाति के वे लोग आवेदन कर सकते हैं, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है। वार्षिक पारिवारिक आय ढाई लाख रुपये तक होने वाले आवेदकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, इस प्रशिक्षण में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाओं की सहभागिता अनिवार्य होगी। आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, परिवार रजिस्टर और स्कूल प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज आवश्यक होंगे।

आवेदन की प्रक्रिया में इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर 20 फरवरी तक जिला समाज कल्याण कार्यालय में जमा करना होगा। सभी आवेदनों की जांच के बाद चयन समिति द्वारा प्रशिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाएगी और चयनित सूची संबंधित संस्था को उपलब्ध कराई जाएगी।

राष्ट्रीय संगोष्ठी

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला प्रेस क्लब के कार्यालय और जिला मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही जिला प्रेस क्लब की ओर से ए.आई के दौर में पत्रकारिता व चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला और जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारिता में इन दिनों आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस का तेजी के प्रयोग बढ़ रहा है। लेकिन पत्रकार द्वारा स्वयं के प्रयासों से जमीनी स्तर पर किए जाने वाले कार्य में मानवीय दृष्टिकोण का समावेश होता है। जबकि एआई में मानवीय दृष्टिकोण और संवेदना का अभाव रहता है। ऐसे में समाचार और सूचनाओं के प्रसारण में पत्रकार को अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने की आवश्यकता है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड की खबर को आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी हैं– राष्ट्रीय सहारा लिखता है–स्टेशनों पर रेलवे हुआ सतर्क। दैनिक जागरण की ख़बर है– बदइंतजामी ने ली 18 जानें, जांच शुरू। वही नवोदय टाइम्स लिखता है –गृह मंत्रालय को सौपी गई प्रारंभिक रिपोर्ट, रेलवे ने बनाई जांच समिति।

कल से उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। इस समाचार पर अमर उजाला का शीर्षक है–बजट सत्र की तैयारियां पूरीं, 521 सवाल गरमाएंगे सदन।

प्रधानमंत्री करेंगे विश्व के दूसरे सबसे ऊंचे ट्रेक जनकताल का शिलान्यास। इस सुर्खी के साथ अमर उजाला की ख़बर है– मुखबा, हर्षिल दौरे में पीएम मोदी नालापानी घाटी में मुलिंगना पास भी शुरू करेंगे।

संस्कृत के संरक्षण और विकास के लिये राज्य सरकार के प्रयासो के संबंध में दैनिक जागरण लिखता है सभी जिलों में विकसित किए जा रहे संस्कृत ग्राम। इसी ख़बर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– उत्तराखंड को संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में भी मॉडल बनाएंगे –धामी।

और फास्टैग के नये नियम पर अमर उजाला ने लिखा है आज से फास्टैग का नया नियम, देरी पर अतिरिक्त जुर्माना।